आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पंचोत्सव के अवसर पर, द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

2. द्वीपवासी पहचान पत्र में आवश्यक सुधार की सुविधा के लिए शहीद द्वीप में आज से विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

3. अंडमान निकोबार प्रशासन ने दीपावली के दौरान पटाखे फोड़ने का समय रात 8 बजे से रात 10 बजे तक निर्धारित किया है ।

4. 'द्वीप पर्यटन महोत्सव' के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10 नवंबर कर दिया गया है।

<><><><><><><>

पंचोत्सव के अवसर पर, द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। पंचोत्सव पांच दिनों तक मनाया जाने वाला उत्सव है, जिसकी शुरुआत धनतेरस से होती है। इसके अंतर्गत धनतेरस, छोटी दीपावली या नरक चतुर्दशी, दीपावली यानी लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा या अन्नकूट और भाई दूज जैसे पावन त्योहार मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं, पारिवारिक एकता, प्रेम और आपसी सद्भाव के प्रतीक हैं। ये हमें सत्य, धर्म, करुणा और

आपसी सम्मान जैसे शाश्वत मूल्यों को अपनाने के साथ–साथ समाज में एकता, सौहार्द और भाईचारे के बंधनों को और मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात की। बैठक के दौरान द्वीपसमूह में जल प्रबंधन के लिए टिकाऊ और दीर्घकालिक समाधानों की संभावनाएँ तलाशने पर रचनात्मक और सकारात्मक चर्चा की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन द्वीप क्षेत्रों के अस्तित्व के लिए ही खतरा पैदा कर सकता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए अंडमान निकोबार के कुछ निचले द्वीपों के लिए विशेष कार्य योजनाओं की आवश्यकता है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ में 'जलवायु परिवर्तन के युग में द्वीपों का भविष्य – अंडमान निकोबार के विशेष संदर्भ में' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा जलवायु परिवर्तन द्वीप समुदायों के सामाजिक जीवन और परंपराओं को भी प्रभावित कर रहा है, इससे निपटने के लिए जंगलों और कोरल रीफ का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। विकास गतिविधियों और प्रकृति संरक्षण के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर कई प्रसिद्ध वैज्ञानिक और शिक्षाविद उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में हाल ही में शहीद द्वीप के ग्राम पंचायत, नील केंद्र में 'जनता दर्शन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर संबंधित विभागाध्यक्षों को समस्याओं के शीघ्र निवारण के सख्त निर्देश दिए। उप–विभाजन, सीमांकन और भूमि पृथक्करण के लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए पटवारखाना में एक सर्वेक्षक की नियुक्ति की गई है। द्वीपवासी पहचान पत्र में आवश्यक सुधार की सुविधा के लिए आज से पटवारखाना में एक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा बीच प्रबंधन योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जिला उपायुक्त ने स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।

<><><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों के अनुपालन में, अंडमान निकोबार प्रशासन ने दीपावली के दौरान पटाखे फोड़ने के समय को रात 8 बजे से 10 बजे तक सीमित कर वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के कई कदम उठाए हैं। इन निर्देशों के तहत, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति दीपावली त्योहार के लिए परिवेशी वायु गुणवत्ता और ध्वनि स्तरों की अल्पकालिक निगरानी कर रही है। इसके लिए अबरडीन बाजार, डॉलीगंज और

मीठाखाड़ी में निगरानी स्टेशन स्थापित किए गए हैं। ये स्टेशन 15 नवंबर तक संचालित होंगे।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव कमलेश्वर राव एस ने दीपावली पर द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को सावधानीपूर्वक मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्रों जैसे कि अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, पूजा स्थलों, पेट्रोल पंपों और सड़कों पर पटाखे फोड़ने से बचें। पटाखे केवल रात 8 बजे से 10 बजे के बीच ही फोड़े जाने चाहिए।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, की ओर से 27 से 31 दिसंबर तक 'द्वीप पर्यटन महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा द्वीप समूह के विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय सांस्कृतिक संघों और संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 10 नवंबर शाम 4 बजे तक कर दिया गया है। प्रत्येक सांस्कृतिक समूह को कम से कम 4 से 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण देना होगा। इसके लिए कलाकारों की आयु 8 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रत्येक स्थल के लिए समूह में कम से कम 8 से 15 सदस्य तक हो सकते हैं। इच्छुक समूह को आवेदन पत्र के साथ एक स्व–प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन

फॉर्म कला संस्कृति विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। अंडमान क्लब में 11 और 12 नवम्बर को नृत्य समूहों तथा 13 नवम्बर को गायन समूहों का रिहर्सल एवं चयन दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

तेलंगाना में 11 से 22 दिसंबर तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए युवा मामले और खेल निदेशालय की ओर से द्वीप समूह के प्रतिनिधित्व के लिए 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के योग्य खिलाड़ियों से 'वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों' हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एथलीटों का चयन वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान आयोजित मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य या जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों में से सर्वश्रेष्ठ दो लड़कों और दो लड़कियों के नामों की अनुशंसा वाइल्ड कार्ड मूल्यांकन समिति के समक्ष की जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 10 नवंबर तक अपने नाम संबंधित क्षेत्र के सहायक पर्यवेक्षक (खेल) के पास जमा कर सकते हैं। निर्धारित आवेदन फार्म और अन्य जानकारी खेल विभाग तथा प्रशासन के पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी की ओर से कल 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता मिटाओ' पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में 2800 से अधिक

लोगों ने भाग लिया। यह पदयात्रा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के नैरेटिव के मुकाबले के लिए भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। इस अवसर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने तिरंगा पार्क में जनसभा को संबोधित किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने नए अतिक्रमणों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए अट्टम पहाड़ में सरकारी भूमि पर अनाधिकृत रूप से बनाए गए लगभग 1,000 वर्ग मीटर पर 4 अस्थायी शेड और फेंसिंग को अतिक्रमण मुक्त कराया। इसी क्रम में ब्रुक्शाबाद और ऑस्टिनाबाद में भी अस्थाई संरचना को हटाया गया। जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ अपनी शून्य–सहनशीलता नीति को दोहराते हुए आम जनता को इस प्रकार की अनाधिकृत गतिविधियों से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी है।

<><><><><><><>